भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र

फतेहपुर–शेखावाटी 332 301

श्रीकर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर

Dr. R.K. Dular
Senior Scientist & Head

M.No. 09877201228
Email: pc.kvk.fatehpur@sknau.ac.in

क्रमांक–बीकेवीके / फतेहपुर / निविदा / 2025 / 638-40 दिनांक – 15.01.2025

सीमित–निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र के जोहडा फार्म पर स्थापित बकरी पालन इकाई की बकरियों को खिलाने हेतु खेजडी की सूखी लूंग खरीदने हेतु (सप्लाई हेतु) इच्छुक फर्म / व्यक्ति से सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक फर्म / व्यक्ति को उक्त कार्य करने के लिए अपनी निविदा बन्द लिफाफे में भरकर दिनांक **22.01.2025** को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। प्राप्त निविदाएं दिनांक **22.01.2025** को ही दोपहर 01.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जायेंगी। इस निविदा की सूचना विश्वविद्यालय पोर्टल www.sknau.ac.in पर भी उपलब्ध है।

निविदा की शर्ते :–

1. सूखी लूंग की दर सभी करों व चार्ज सहित कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर पर FOR आधारित होनी चाहिए इसकी मात्रा केन्द्र द्वारा घटाई व बढाई जा सकती है तथा वितीय वर्ष के अन्तर्गत समय–समय पर केन्द्र द्वारा देय आदेशानुसार जोहडा फार्म पर लाकर डालनी होगी ।
2. इस निविदा कार्य के दौरान केन्द्र के जोहडा फार्म पर किसी भी प्रकार का नुकसान नही होना चाहिए। अन्यथा उसकी नुकसान की भरपाई निविदादाता से की जायेगी।
3. इस निविदा की अवधि वितीय वर्ष **2024–25** (31 मार्च 2025) तक वैद्य होगी।
4. निविदा कार्य की दर प्रति क्विंटल के हिसाब से देनी होगी ।
5. जिस फर्म के पक्ष में निविदा छूटती है उसे अपने बैंक खाते का विवरण देना होगा जिससे कैशलेस भुगतान ऑनलाईन मोड द्वारा सीधे खाते मे किया जा सके।
6. किसी प्रकार का विवाद होने पर न्याय क्षेत्र फतेहपुर होगा।
7. प्रस्तावित निविदा सील बन्द लिफाफे में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र,फतेहपुर को प्रेषित होनी चाहिए तथा निविदा में किसी भी प्रकार की कांट– छांट होने पर निविदा स्वीकार नही होगी।
8. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर को होगा।
9. **इस निविदा की पूरे वितीय वर्ष की लागत रू. 1.00 लाख से कम है।**
10. निविदा पक्ष मे खुलने पर निविदादाता को कार्यादेश दिनांक से उपरोक्त सप्लाई कार्य 07 दिवस में पूर्ण करके देना होगा।

RKDular

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान निदेशक महोदय, प्रसार शिक्षा निदेशालय, जोबनेर।
2. **श्रीमान प्रभारी, सिमका को विश्वविद्यालय पोर्टल** www.sknau.ac.in **पर प्रकाशन हेतु**
3. उपनिदेशक, पशुपलन विभाग, सीकर।
4. नोटिस बोर्ड, नगरपालिका, फतेहपुर।
   1. नोटिस बोर्ड व समिति सदस्य / लेखा शाखा, केवीके, फतेहपुर।

RKDular

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर

निविदा दर प्रारूप

सेवा में,

श्रीमान वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष

भरतिया कृषि विज्ञान केन्द्र, फतेहपुर

विषय – खेजडी की सूखी लूंग हेतु निविदा प्रस्तुत करने बाबत।

महोदय,

आपके द्वारा आमंत्रित निविदा सं. क्रमांक–बीकेवीके/फतेहपुर/निविदा/2025/638–40 दिनांक 15.01.2025 के तहत मै मेरी निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ :–

क्रम सं.	विवरण	दर प्रति क्विंटल
1	खेजडी की सूखी लूंग	

हस्ताक्षर निविदादाता

नाम...

पता..

मोबाईल नं...